भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
15.03.2023 के
तारांकित प्रश्न सं. 211 का उत्तर

विस्टाडोम टूरिस्ट एक्सप्रेस का विस्तार

***211. डॉ. राजदीप राय:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गुवाहाटी से बदरपुर जंक्शन के लिए शुरू की गई विस्टाडोम टूरिस्ट एक्सप्रेस सफल रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उक्त मार्ग को सिलचर तक बढ़ाने की अत्यधिक मांग है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) क्या बदरपुर से सिलचर तक मार्ग का विस्तार किए जाने की कोई संभावना है, यदि हां, तो इस परियोजना के कब तक शुरू होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ड.): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

विस्टाडोम टूरिस्ट एक्सप्रेस के विस्तार के संबंध में दिनांक 15.03.2023 को लोक सभा में डॉ. राजदीप राय द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 211 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): 13.11.2021 से 02.03.2023 की अवधि के लिए गाड़ी संख्या 15887/15888 गुवाहाटी-बदरपुर टूरिस्ट एक्सप्रेस की समग्र औसत उपयोगिता क्रमशः 70.52% और 86.22% है।

(ग) से (ड.): विस्टाडोम सेवा के फेरे बढ़ाने/विस्तार करने के लिए माननीय संसद सदस्य से अनुरोध प्राप्त हुआ है। इसकी जांच की गई है। बहरहाल, 15888/87 गुवाहाटी-बदरपुर एक्सप्रेस का सिलचर तक विस्तार करना इस समय बदरपुर में गाड़ी के अपर्याप्त ठहराव सहित परिचालन संबंधी बाधाओं के कारण संभव नहीं है। इसके अलावा, 15888/87 गुवाहाटी-बदरपुर एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाना भी परिचालनिक रूप से व्यवहारिक नहीं है। बहरहाल, भारतीय रेल में गाड़ी सेवाओं का विस्तार करना/फेरे बढ़ाना एक सतत प्रक्रिया है, जो अन्य बातों के साथ-साथ परिचालनिक व्यवहार्यता, वाणिज्यिक औचित्य और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

****